'मेट्रो-3' टनल की खुदाई

16वें चरण का काम पूरा

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. कुलाबा से सिप्ज तक 'मेट्रो-3' लाइन के लिए टनल निर्माण का काम तेजी से चल रहा है. टनल खोदने के 16वें चरण का काम पिछले दिनों पूरा हुआ . 'तापी-1' टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) सहार रोड मेट्रो स्टेशन तक टनलिंग का काम पूरा कर बाहर निकली. 'टीबीएम तापी -1 ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के टर्मिनल 2 से सहार रोड मेट्रो स्टेशन तक 687 मीटर तक टनल का काम पूरा किया है.जिससे 'मेट्रो-3' लाइन के लिए अब तक 31.687 किमी टनल खुदाई का काम पूरा हो चुका है.

अब तक 31.687 किमी खुदाई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के टर्मिनल 2 से 22 अप्रैल को टीबीएम तापी -1 ने टनल खोदने के काम की शुरुआत की थी. परियोजना के पैकेज 6 अंतर्गत छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के टर्मिनल 2 से सहार रोड तक अप एवं डाऊन दोनों तरफ का टनल तैयार हो गया है. इसकी जानकारी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे ने ट्वीटर के जरिए दी है.

17 टीबीएम मशीनों से खुदाई कार्य

टनल खोदने के 16वें चरण का काम पूरा करने में कुल 105 दिन का समय लगा.टनल खोदने के काम में अब तक किसी तरह का मुश्किल नहीं आयी है.टनल खुदाई का काम सतह से 25 मीटर नीचे हो रहा है.687 मीटर टनल खोदने के लिए 488 सेगमेन्ट रिंग का उपयोग किया गया. अंडर ग्राउंड 'मेट्रो-3' परियोजना के तहत कुल 27 स्टेशन बनाये जाने हैं.टनल खोदने के काम में 17 टीबीएम कार्यरत हैं. टीबीएम यंत्र नीचे उतरने के लिए मार्ग में बड़े कूएं (लांचिंग शाफ्ट)खोदे गए हैं.